दिनांक 20 जुलाई 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने बैठक लेकर गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जोन आयुक्त एवं निगम के अधिकारियों की बैठक ली! उन्होंने योजना के बेहतर कार्य करने को लेकर निगम के अधिकारियों को टिप्स दिए और योजना के विस्तारीकरण पर चर्चा की! आज से गोधन न्याय योजना की शुरुआत हो चुकी है और गौठान में गोबर खरीदी का कार्य प्रारंभ हो गया है! गौठान में गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है! गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालक अपना पंजीयन करा रहे हैं! *गौठान का होगा विस्तारीकरण* वर्तमान में नगर निगम भिलाई क्षेत्र में एक ही गौठान संचालित है! गौठान के विस्तारीकरण के तहत भिलाई निगम द्वारा और भी गौठान बनाया जाएगा जिसके लिए स्थल चयन किया जा रहा है! इस बाबत आयुक्त ने सभी जोन आयुक्त एवं सहायक राजस्व अधिकारी को शीघ्र स्थल चयन करने के निर्देश दिए हैं! बैठक में सेमरिया के स्थल को लेकर चर्चा की गई! बता दें कि निगम के लिए एलॉटेड बड़ी भूखंड वहां उपलब्ध है इसे प्रस्तावित कर उपयोग में लाया जा सकता है! *उच्च गुणवत्ता की कंपोस्ट के लिए फील्ड में होगा प्रशिक्षण* निगम आयुक्त ने गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कंपोस्ट की गुणवत्ता पर भी जोर दिया है और निगम के अधिकारियों को इस बाबत फील्ड में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं! जहां पहले से ही वर्मी कंपोस्ट का कार्य अच्छे से हो रहा होगा वहां पर निगम अधिकारी जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे! प्रशिक्षण में वर्मी कंपोस्ट बेड , स्ट्रक्चर, बनाने की विधि सहित संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जाएगी! *एस एल आर एम सेंटर परिसर में होगा गोबर कलेक्शन सेंटर* एसएलआरएम सेंटर परिसर में गोबर खरीदी केंद्र बनाया जाएगा! उपायुक्त तरुण पाल लहरें ने बताया कि इस सेंटर में गोबर खरीदी केंद्र बनाया जाएगा साथ ही वर्मी कंपोस्ट बेड भी होगा! आयुक्त रघुवंशी ने इसकी बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किए हैं! बैठक में अधीक्षण अभियंता आरके साहू , उपायुक्त अशोक दिवेदी एवं तरुण पाल लहरें , जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी, प्रीति सिंह, पूजा, अमिताभ शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, कार्यपालन अभियंता बीके देवांगन, संजय शर्मा, डीके वर्मा, टीके रणदिवे, एनयूएलएल से फणींद्र बोस आदि उपस्थित रहे!